तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 9 नवंबर 2025



14 वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर दुर्गूकोंदल निकाली ...





14 धान की कटाई में आई तेजी पर मजदूरों का संकट बढ़ा







Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज




बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### सड़कों की मरम्मत के लिए 362 लाख की मिली मंजूरी



**भानुप्रतापपुर।** लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर को बड़ी सौगात मिली है। विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 11 मार्गों की कुल 175.50 किमीः लंबाई के बीटी पेंच मरम्मत कार्यों के लिए 362.22 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि प्रमुख मार्गों को प्राथमिकता पर लेकर मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर (राज्य मार्ग क्रमांक 06) पर बीटी पेंच मरम्मत कार्य तेजी से जारी है। विभाग का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक सभी स्वीकृत मार्गों के मरम्मत कार्य पूर्ण करने का है।

### सार्वजनिक शराबखोरी 3 को पुलिस ने दबोचा



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 7 नवंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए तीन शराबियों को आम रास्ते में शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी पीव्ही 30 निवासी सबल मंडल को योगेंद्र नगर में सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते पकड़ा। आरोपी पीव्ही 30 निवासी संजीत विश्वास को पीव्ही 55 के पास और मटली चौक पखांजुर निवासी बृजलाल प्रजापति को पीव्ही 55 में सार्विजनिक स्थल पर शराब सेवन करते हुए पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत पिपरौद निवासी 29 वर्षीय लोकेश्वर साहू ने अपने घर में सिलिंग पंखा से लटकर जान दे दी। बालोद जिला पुरूर निवासी 45 वर्षीय सूरज साहू ने पुलिस को बताया कि मृतक 7 नवंबर को अपने घर के कमरे में लगे सिलिंग पंखा में कपड़ा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यो किया, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नदी में डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम बाला निवासी मनकु राम पुड़ो नदी के गहरे पानी में डूब कया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुड़ोपारा बाला निवासी सनकुराम पुड़ो ने पुलिस को बताया कि 5 नवंबर को मृतक मछली पकड़ने के लिए गुटाकसा नदी की ओर गया था। कुछ समय बाद उसका शव नदी में तैरता हुआ दिखा। नदी से बाहर निकाले तब तक उसका मौत हो चुका था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

---

विवाद : एसडीएम ने रैली पर लगाई रोक, शांति व्यवस्था प्राथमिकता

# प्रस्तावित नागरिक आस्था अधिकार रैली को लेकर कांकेर में तनाव, सर्व समाज ने जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विवादित पोस्टर और प्रस्तावित रैली को बताया सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा

जिले में 10 नवंबर को राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के द्वारा प्रस्तावित नागरिक आस्था अधिकार रैली को लेकर माहौल गर्मा गया है। शनिवार 8 नवंबर को कांकेर मुख्यालय में एसडीएम के साथ सर्व समाज के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी समुदायों ने एकजुट होकर रैली के विरोध का ऐलान किया। सर्व समाज ने स्पष्ट कहा कि जिले की सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जाएगा और कांकेर में इस प्रकार की रैली आयोजित नहीं होने दी जाएगी।

एसडीएम कार्यालय में शनिवार 8 नवंबर को आयोजित बैठक में सर्व समाज के प्रमुखों, सामाजिक संगठनों, महिला समूहों, युवा समितियों व व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि जिले की शांति, सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उनका आरोप है कि प्रस्तावित रैली से सामाजिक तनाव बढ़ने का खतरा है, जिससे अमन-चैन प्रभावित हो सकता है। प्रतिनिधियों ने कहा कि कांकेर हमेशा से विभिन्न समाजों की एकता और पारस्परिक सम्मान की भूमि रही है, जहाँ सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिलजुलकर रहते आए हैं। ऐसी रैली से अनावश्यक विवाद और वैमनस्य फैलेगा।

सर्व समाज ने प्रशासन से मांग की है कि रैली की अनुमति न दी जाए और जिले की शांति व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएँ। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि यदि फिर भी किसी संगठन द्वारा रैली निकालने की कोशिश की जाती है, तो सर्व समाज लोकतांत्रिक तरीके से इसका शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करेगा। सामाजिक प्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अफवाह या उत्तेजक संदेश पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।



### कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नहीं दी अनुमति

एसडीएम अरूण वर्मा से इस विषय पर बात किया तो उन्होने बताया कि सर्व समाज द्वारा उक्त आयोजन के संबंध में आपत्ति करते हुए ज्ञापन भी दिया गया। शनिवार 8 नवंबर को दोपहर 12 बजे आपत्तिकर्ताओं को एसडीएम, एसडीपीओ, तहसीलदार और टीआई के द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समझाईश दिया गया। सर्व समाज की और से उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बड़ी संख्या में लोग उक्त कार्यक्रम के विरोध में मेलाभाठा मैदान कांकेर आएंगे। ऐसी परिस्थिति में दोनों पक्षों के बीच टकराव और विवाद होने से क़ानून व्यवस्था की स्थिति बन सकती है । पुलिस विभाग से भी अभिमत लिया गया। दो पक्षों के बीच विवाद और क़ानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना को देखते हुए उक्त रैली की अनुमति नहीं दिया जा सकता है । रैली आवेदक गण को जानकारी दिया गया है।




### महापुरुषों पर टिप्पणी पर सर्व समाज में आक्रोश

राष्ट्रीय किश्चियन मोर्चा द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के पोस्टर में देश के महापुरुषों की फोटो का उपयोग किए जाने पर सर्व समाज ने कड़ी आपत्ति जताई है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाले महापुरुष किसी एक संगठन, समुदाय या विचारधारा की सीमाओं में नहीं बंधे हैं। उनका इस प्रकार से किसी विशेष आयोजन या रैली से जोड़ना नैतिक रूप से गलत और सामाजिक सौहार्द्र के लिए हानिकारक है। सर्व समाज ने कहा कि देश के महान नेताओं की छवि का उपयोग यदि किसी विवादित या संवेदनशील कार्यक्रम से जोड़ा जाता है, तो इससे समाज में गलत संदेश जाता है और अनावश्यक तनाव पैदा हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि महापुरुषों की विचारधारा और संदेश पूरी मानवता के लिए हैं, इसलिए उन्हें किसी भी प्रकार के वैचारिक या धार्मिक प्रचार का प्रतीक बनाना उचित नहीं है। प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे पोस्टरों की जांच की जाए और भविष्य में इस तरह के उपयोग पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ। सर्व समाज ने सभी संगठनों से आग्रह किया है कि वे सामाजिक सद्भाव और सम्मान की मर्यादा का पालन करें और किसी भी प्रकार की गतिविधि में महापुरुषों की गरिमा को आंच न आने दें।

---

## ट्रक की ठोकर से सड़क किनारे खड़ी बाइक जलकर खाक, युवती हुई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- घायल युवती का अस्पताल में चल रहा इलाज

नंदनमारा में नए पुल के पास युवक ने सड़क किनारे बाईक एवं युवती दोस्त को छोड़कर टॉयलट के लिए गया, वहीं ट्रक चालक ने बाईक को चपेट में लिया और बाईक घसीटती हुई गई और बाईक में आग लग गई, जिससे बाईक जलकर खाक हो गई। बाईक के पास खड़ी युवती को टक्कर लगी और साईड से गिर गई, जिससे उसके सिर में चोट आई है, जिसका इलाज कोमलदेव में चल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक पर मामला दर्ज करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया गया है। शिकायतकर्ता दिवस कुमार कांगे पिता जैनसिंग कांगे उम्र 23 वर्ष निवासी आमाझोला थाना कांकेर ने







पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूँ और 7 नवंबर को अपने भाई रितेश हिचामी के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 क्यूएफ 9852 में अपने दोस्त सीमा नेताम निवासी व्यासकोंगेरा को लेकर रात्रि करीबन 8 बजे नाथियानवांगांव के मंदिर घूमने गया था। मंदिर बंद होने से वापिस आ रहा था कि रात्रि करीबन 10 बजे नंदनमारा पुल के पास बाईपास रोड किराने ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नहर भूमि पर अतिक्रमण, एसडीओ ने किया निरीक्षण, छह पर होगी कार्रवाई

**पखांजुर।** सिंचाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पीवी36 जलाशय से निकलने वाली राइट बैंक कैनाल (आरबीसी) नहर इन दिनों अवैध कब्ज़े की समस्या से जूझ रही है। पीवी-09 गांव के कुछ निवासियों द्वारा नहर के एक हिस्से को पाटकर उसे कृषि भूमि में तब्दील करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस अवैध कब्ज़े के कारण नहर की जलधारा बाधित हो रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों को होने वाली सिंचाई उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। हरिभूमि टीम ने इस समस्या को 30 अक्टूबर के अंक में विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के तुरंत बाद ही अनुविभागीय अधिकारी (सिंचाई) अंकित कुमार साहू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके का निरीक्षण कराया। निरीक्षण में नहर पर किए गए अवैध कब्ज़े की पुष्टि हुई। इसके बाद विभाग ने त्वरित रूप से कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अनुविभागीय अधिकारी (सिंचाई) ने अवैध अतिक्रमण हटाने तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पखांजूर को आधिकारिक पत्र प्रेषित किया है। जिन व्यक्तियों पर अवैध कब्ज़े का आरोप है, उनमें रिंकू बैरागी, सावित्री मंडल, शिवपद विश्वास, सुशंकर विश्वास, समरेश विश्वास और मनमोहन ▶▶| शेष पेज 12 पर

- हरिभूमि ने इस समस्या को प्रमुखता से किया था उजागर


पीव्ही 36 जलाशय की आरबीसी नहर पर अवैध कब्जा कर खेती-बाड़ी जारी


## गृहमंत्री शर्मा ने मुल्ला कैंप में प्रशिक्षण ले रहे नक्सलियों से किया संवाद एवं जानी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर

- ईसाई मामले में कहा कि चिंतन की जरूरत है, हल निकाला जाएगा

तहसील भानुप्रतापपुर के मुल्ला गांव में खाली हुए बीएसएफ कैंप में प्रशासन ने मावा मोदेल के तहत युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था, अब इस कैंप में समर्पण करने वाले नक्सलियों को भी प्रशिक्षण मिल रहा है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा मुल्ला कैंप पहुँचे और प्रशिक्षण लेने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों से संवाद किया। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार 8 नवंबर को भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा में अमित बघेल के विवादित बयान पर अपनी ▶▶| शेष पेज 12 पर



### ईसाई धर्म के लिए अंतिम संस्कार की बड़ी समस्या है



यह समाजिक विषय है और समाज से ही इसका हल हो सकता है, दोनो पक्षों की अपनी अपनी बाते है, इन लोगो के प्रति क्यों इतना आक्रोश है लोगो के मन में यह सोचना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय जनता और मूल सांस्कृतिक समाज के मन में यदि असंतोष है, तो उसके कारणों को समझना जरूरी है, जो लोग अपने समाज, गांव और परिवार से अलग हो जाते हैं, उन्हें भी आत्ममंथन करना चाहिए। ऐसी परिस्थितियाँ क्यों उत्पन्न होती हैं, इसे सुधारने की आवश्यकता है।

---

शिकायत के बाद क्रेडा विभाग ने नहीं दिखाई गंभीरता

# कलंगपुरी में दो महीने से सोलर पंप खराब ग्रामीण तालाब का दूषित पानी पीने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- जलजनित रोग फैलने की आशंका और बढ़ गई

विकासखंड अंतर्गत ग्राम कलंगपुरी में पिछले दो महीनों से सोलर पंप खराब होने के कारण ग्रामीणों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर पंप को रिपेयरिंग के लिए ले जाए हुए करीब दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक पंप गांव में वापिस नहीं पहुंचा है। इससे गांव में पीने के पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। ग्रामीण किसी तरह तालाब का पानी ढोकर पीने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने योग्य पानी का दूसरा कोई विकल्प मौजूद नहीं है। हैण्डपंप भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दे रहा है। मजबूरन तालाब के पानी को छानकर या उबालकर प्रयोग किया जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ तालाब का जलस्तर भी कम होने लगा है, जिससे जलजनित रोग फैलने की आशंका और बढ़ गई है। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि पहले कभी ऐसी स्थिति नहीं बनी थी कि महीनों तक पेयजल समस्या बनी रहे। इस ▶▶| शेष पेज 12 पर



### ग्रामीणों ने प्रशासन से की माँग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग किया है कि शीघ्र सोलर पंप की मरम्मत कर गांव में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भविष्य में पेयजल संकट से बचाव हेतु स्थायी समाधान पर भी विचार किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो गांव में बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है।

## बाइक मांगी और लेकर हुआ फरार मलिक ने लिखाई रिपोर्ट, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना भानुप्रतापपुर में एक मजदूर द्वारा मोटर सायकिल मांगकर ले जाने और वापस नहीं करने का मामला सामने आया है। मोटर सायकिल के मालिक ने विश्वासघात और बेईमानी का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर मामला दर्ज किया गया है। दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के ग्राम डांगरा निवासी 29 वर्षीय चेतन निषाद पिता सुंदरू राम निषाद ने शिकायत में बताया कि वे वन विभाग के कोल्ड स्टोर, पूर्व भानुप्रतापपुर में मजदूरी का कार्य करते हैं और वहीं ठहरते भी हैं। उनके साथ ही सुरेन्द्रपुरी पिता दुर्गापुरी, निवासी नरेशपुर जिला सूरजपुर (छग) भी कोल्ड स्टोर में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था और वहीं रहता था। शिकायतकर्ता के अनुसार 9 अक्टूबर को सुरेन्द्रपुरी ने भानुप्रतापपुर चौक जाने की बात कहकर उनकी मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 19 बीयू 7866 अपने साथ ले गया था। इससे पहले भी वह कई बार मोटर सायकिल मांगकर ले जाता था और समय पर लौटा देता था, इसलिए चेतन ने भरोसे के साथ उसे वाहन दे दिया। लेकिन इस बार वह मोटर सायकिल लेकर गया और वापस नहीं आया। शिकायतकर्ता ने बताया कि ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### खुटपारा सोनाबाल स्कूल में 'बैगलेस डे' पर हस्तशिल्प कार्यशाला

**कोण्डागांव।** नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा को रचनात्मक और व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल में बैगलेस डे शनिवार को एक विशेष हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने तुमा हस्तशिल्प कला का जीवंत प्रदर्शन देखा और उसमें सहभागिता की। कार्यशाला का संचालन प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कमलादेवी चट्टोपाध्याय राष्ट्रीय जूनियर पुरस्कार दिल्ली शासन द्वारा प्रदत्त विजेता शिल्पकार अनिल विश्वकर्मा ने तुमा सूखी लौकी से वस्तुएं बनाकर बच्चों को हस्तशिल्प की कला, प्रक्रिया और सांस्कृतिक महत्ता समझाई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और स्वयं भी कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा की प्रधान अध्यापक श्रीमती संगीता ठाकुर के नेतृत्व में वहाँ के छात्र–छात्राओं ने भी कार्यशाला में सहभागिता की।प्रधान अध्यापक हितेंद्र श्रीवास ने कहा नई शिक्षा नीति बच्चों में सीखने के साथ करने की भावना को बढ़ावा देती है। इस तरह की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों की रचनात्मकता, स्वावलंबन और कौशल को विकसित करती हैं।

### धान खरीदी को लेकर गंभीर नहीं है सरकार : संतराम नेताम



**केशकाल।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सहकारिता विरोधी, कर्मचारी विरोधी और किसान विरोधी करार देते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने कहा है कि सरकार की अकर्मण्यता के चलते छत्तीसगढ़ के 2739 उपार्जन केदो में धान खरीदी को लेकर संशय की स्थिति है। समर्थन मूल्य पर खरीब सीजन 2025-26 के उपार्जन शुरू होने में बमुश्किल एक हफ्ते का समय बचा है लेकिन अब तक कोई तैयारी सरकार के स्तर पर नजर नहीं आ रही है। उल्टे छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पड़ा हुआ है जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी भी सरकार की उपेक्षा से व्यथित होकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे चुके हैं, उपार्जन केंद्रों के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भी सहकारी समितियों के कर्मचारी के हड़ताल को अपना समर्थन दे दिया है, ऐसे में छत्तीसगढ़ के किसान चिंतित हैं कि धान की खरीदी आखिर होगी कैसे।

# अवैध धान परिवहन रोकने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भापुसे ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हॉल में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारियों की क्राइम समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित अपराधों के शीघ्र निकाल, बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

एसपी ने कहा कि धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ हो रही है। इस दौरान सरहदी क्षेत्रें में अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए चेक पोस्ट स्थापित कर गहन जांच की जाए। साथ ही अवैध शराब, जुआ–सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के भी निर्देश दिए।

### लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण और बेहतर पुलिसिंग के लिए ली गई क्राइम मीटिंग

#### फरियादियों से मित्रवत व्यवहार की हिदायत

एसपी श्री चंद्रा ने सभी थाना प्रभारियों को कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करें और उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने असामाजिक तत्वों की निगरानी, रात्रि पेट्रोलिंग और पॉइंट ड्यूटी लगाने के भी आदेश दिए।



#### क्राइम मीटिंग में वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल मुख्यालय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) रूपेश कुमार डाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक अजाक के.पी. मरकाम सहित सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

#### कम्युनिटी पुलिसिंग और चलित थाना की व्यवस्था पर जोर

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत जनसंपर्क बढ़ाने, जनता की शिकायतों को चलित थाना लगाकर तत्काल निराकरण करने और नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### भारतीय डाक विभाग हर घर सुरक्षा, हर परिवार का विश्वास के संकल्प के साथ कर रहा कार्य

# ग्रामीण डाक जीवन बीमा से मिली आर्थिक सुरक्षा, परिवार को संकट के समय मिला सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय डाक विभाग के ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना के तहत ग्राम गारावंडी की निवासी श्रीमती घसन्तीन बाई ने 1,00,000 का बीमा शाखा डाकघर गारावंडी लेखा कार्यालय पिपराबहिगांव में कराया था। उन्होंने 3 वर्ष 2 माह तक नियमित रूप से लगभग 17,000 का प्रीमियम जमा किया। दुर्भाग्यवश उनके आकस्मिक निधन के पश्चात, विभाग द्वारा उनके दावाकर्ता राम सिंह जुर्री को 1,18,730 की राशि का भुगतान किया गया। यह राशि डाक जीवन बीमा द्वारा परिवार को संकट के समय आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रमाण बनी। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ बीमा योजना से परिवार को मिली आर्थिक राहत



#### अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस आयोजन में उपसंभागीय निरीक्षक फरसगांव सुभाष कुमार भुआर्य, महेंद्र वैध, ठाकेश्वर साहू, ललित नेताम, भूपेंद्र साहू, राजा राम पाण्डेय, कंचन और पूजा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सरपंच महोदय द्वारा दावाकर्ता को राशि प्रदान की गई, साथ ही ग्रामीणों को बीमा योजना की उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया।

जिसमें ग्रामीणों को बताया गया कि बीमा केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवार की सुरक्षा की गारंटी है। कार्यक्रम में गारावंडी के सरपंच, भूतपूर्व सरपंच, वार्ड पंच, स्वास्थ्य विभाग की नर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह सदस्य और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### छोटी बचत, बड़ा सहारा डाक विभाग का वादा

इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा न केवल आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि ग्रामीण परिवारों में वित्तीय सशक्तिकरण और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। छोटी बचत, बड़ा सहारा यही है भारतीय डाक विभाग का वादा। भारतीय डाक विभाग अपने समर्पित स्टाफ के माध्यम से हर गाँव, हर परिवार तक सुरक्षा और विश्वास पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# अव्यवस्थाओं के बीच बस्तर ओलंपिक खेल का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के ग्राम आलोर परछीपारा में आयोजित तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल का समापन अव्यवस्थाओं के बीच बुधवार की देर शाम स्थानीय जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों के उपस्थिति में किया गया। इस खेल में फरसगांव ब्लॉक के जूनियर और सीनियर वर्ग के 1779 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लेकिन इस खेल प्रतियोगिता में अवस्थाओं का आलम दिखने को मिला। खेल के शुभारंभ सोमवार को अव्यवस्थाओं के बीच किया गया । पहले दिन शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से खिलाड़ियों को खुले में शौच के लिए जंगल जाना पड़ा। खबर प्रकाशित होने के बाद दूसरे दिन संबंधित जिम्मेदारों के द्वारा जंगल किनारे स्थानीय रूप से हरे नेट से घेरा बना दिया गया। जिसमें मात्र खिलाड़ी लघु शंका ही कर सकते थे। खिलाड़ियों को आखिर शौच के लिए जंगल ही जाना पड़ा। तीनों दिनों तक खिलाड़ियों के साथ ड्यूटी पर लगे शिक्षक और कर्मचारी भी परेशान हुए। कुछ लोगो ने तो यह भी बताया कि भोजन और पानी व्यवस्था भी ठीक से नहीं थी।

■ नेट से बनाया बाथरूम, आखिर शौच के लिए खिलाड़ियों को जाना पड़ा जंगल

# ग्राम किलेपार में अधेड़ की हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी, आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम किलेपार में एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में दहशत और सनसनी का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक सुबह से दोपहर तक गांव में लोगों से सामान्य रूप से मिलता-जुलता नजर आया था। उसने कई ग्रामीणों से बातचीत भी की थी, जिससे किसी अनहोनी की आशंका नहीं थी, लेकिन शाम होते-होते हत्या की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। घटना 8 नवंबर की शाम लगभग 6 बजे सामने आई, जब कुछ ग्रामीणों ने गांव के एक हिस्से में अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा देखा। शव की स्थिति संदिग्ध प्रतीत होने पर ग्रामीणों ने तत्काल हल्बा पुलिस चौकी को जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जांच में किसी विशेष वजह या आरोपी की पहचान सामने नहीं आ सकी है। हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, ताकि वारदात से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा सके।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का किसी से कोई बड़ा विवाद नहीं था, लेकिन उसकी अचानक हुई हत्या ने पूरे गांव को सकते में डाल दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल स्थल निरीक्षण, सबूत एकत्र और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हत्या किसने और क्यों की, मामले की जांच जारी है।

### मतदाता पुनरीक्षण और वंदे मातरम पर आज कार्यशाला

**सरोना।** प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा मंडल सरोना द्वारा एक दिवसीय मंडल कार्यशाला का आयोजन आज 9 नवंबर रविवार को प्रातः 10 बजे मंडी प्रांगण सरोना में किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतदाता पुनरीक्षण अभियान को बूथ स्तर तक सशक्त रूप से पहुँचाना एवं वंदे मातरम की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रभक्ति और संगठन शक्ति के भाव को जन-जन तक प्रसारित करना है। कार्यशाला में मंडल के सभी शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव और बीएलए-2 को आमंत्रित किया गया है।

# पीजी कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने मैनपाट का किया भौगोलिक भ्रमण



**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमए प्रथम सेमेस्टर एवं एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल के छात्र-छात्राओं के द्वारा पाठ्यक्रम में विषय वस्तु के अनुसार सरगुजा जिले के मैनपाट का भौगोलिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भौगोलिक तथ्यों से परिचित कराना, पर्वतीय, पठारी और प्राकृतिक क्षेत्रों की भौतिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विशेषताओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कराना इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त पर्यटन स्थलों के रूप में धार्मिक स्थलों का अवलोकन कराना भी है। भौगोलिक भ्रमण का शुभारंभ घड़ी चौंक में प्रातः 10 बजे आरंभ हुआ है। भ्रमण में सबसे पहले राजीव लोचन मंदिर एवं त्रिवेणी संगम महानदी, पैरी एवं सोंढुर नदी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ का चंपारण जिसे पहले चंपाझार के नाम से जाना जाता था, जिसमें महाप्रभु वल्लभाचार्य से संबंधित मंदिर का अवलोकन कराया गया, इसके पश्चात आदिवासी संग्रहालय रायपुर, चंदखुरी में स्थित कौशल्या माता मंदिर भगवान राम की माता कौशल्या को समर्पित विश्व प्रसिद्ध एकमात्र मंदिर है जो 10 वीं शताब्दी का माना जाता है, जिसमें माता कौशल्या की वह प्रतिमा स्थापित है वहां वे बाल स्वरूप भगवान राम को गोद में लिए हुए है। भौगोलिक भ्रमण के दूसरे दिवस सरगुजा जिले का मैनपाट जिसे छत्तीसगढ़ का शिमला भी कहा के लिए लोकप्रिय स्थल है। इस क्षेत्र में ठिनठिनी पत्थर एक अनोखा पत्थर है। जलजली प्वाइंट, उल्टा पानी एवं आदि का भी अवलोकन जाता है यहां तिब्बती संस्कृति और बुद्ध मंदिर स्थित है। इस क्षेत्र में टाइगर प्वाइंट पिकनिक और प्राकृतिक सुदंरता कराया गया है। भौगोलिक भ्रमण के तीसरे दिवस रतनपुर के महामाया मंदिर, खूंटाखाट बांध का अवलोकन कराया गया, इसी दिन दोपहर में जंगल सफारी जिसमें जैव विविधता प्राकृतिक वनस्पति जीव जन्तुओं जिसमें शेर, टाइगर, भालू इत्यादि जीव जन्तुओं का अवलोकन कराया गया। इस भौगोलिक भ्रमण में एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र सोमारू पोडयाम, चन्द्रप्रकाश कोरचे, संजू धुवा, यामिनी जैन, मुस्कान शर्मा, खिलेश्वरी वट्टी, युगल किशोर, विकास कुमार, अंजली नाग एवं एमए तृतीय सेमेस्टर से दीपिका प्रधान, ओनिका पटेल, लतेश्वरी, ग्रेसमी इत्यादि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कापसी में नापतौल विभाग के तीन दिनी सत्यापन शिविर में जाँच जारी



**पखांजुर।** नापतौल विभाग द्वारा कापसी में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले तौल उपकरणों का सत्यापन और सीलिंग (मुहर लगाना) सुनिश्चित करना है। यह पहल विभाग की मासिक कार्ययोजना का हिस्सा है, जिसके तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से जांच और सत्यापन कार्य किया जाता है। शिविर के दौरान दुकानों, ज्वेलरी शॉप (सोना-चांदी की दुकानें) और राशन दुकानों में इस्तेमाल होने वाले सभी प्रकार के तौल उपकरणों, जैसे पाला, कांटा और बाट, की गहन जांच की जा रही है और सही पाए जाने पर उन पर सील (मुहर) लगाई जा रही है। विभाग का यह प्रयास नाप-तौल में पारदर्शिता बनाए रखने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने सभी तौल उपकरणों की समय पर जांच और सत्यापन अवश्य करवाएं। यह पहल न केवल व्यापार में ईमानदारी को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्राहकों के विश्वास को भी मजबूत करेगी। इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में श्रम सहायक ललित शंकर जैन, सुधारक राधेश्याम गनवी, और सुधारक श्रवण गजपाल सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं।

## पेज 11 के शेष...

### ट्रक की ठोकर...

मूत्रत्याग करने रूका था, उस समय सीमा नेताम मोटर सायकल में टिक कर खड़ी थी। जगदलपुर की ओर से आ रही ट्रक तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रोड किनारे मोटर सायकल में खड़ी मेरी दोस्त सीमा नेताम ठोकर मार दिया। सीमा नेताम ठोकर के बाद रोड़ के किनारे तरफ गिर गई, वहीं ट्रक चालक मोटर सायकल को ठोकर मारकर घसीटने लगा तब मैं ट्रक के नंबर देखा जिसमें क्रमांक सीजी 21 जे 6999 था और उक्त ट्रक चालक मेरे मोटर सायकल को घसीटते हुए ले जा रहा था, तभी मोटर सायकल में आग लग गई और मोटर सायकल जलकर खाक में तब्दील हो गई। मैं राहगीर की मदद से सीमा नेताम को जिला अस्पताल कांकेर में ले जाकर भर्ती करवाया। आरोपी ट्रक चालक के द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से सीमा नेताम के सिर, कमर, घुटना व शरीर के अन्य जगह चोट लगा है। पुलिस ने आरोपी ट्रक के खिलाफ मामला दर्ज करने के पहले ट्रक को अपने कब्जे में लिया और ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### नहर भूमि पर...

बर्मन है। विभाग द्वारा दिखाई गई इस त्वरित पहल से क्षेत्र के किसानों में आशा जगी है कि नहर पर हुआ अवैध कब्जा शीघ्र हटेगा और रबी फसल के लिए समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध हो सकेगा। स्थानीय किसानों का कहना है कि नहर उनका प्रमुख सिंचाई स्रोत है और यदि पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई, तो फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसलिए इस प्रकार की कार्रवाई आवश्यक और स्वागतयोग्य है। जल संसाधन विभाग का यह कदम न सिर्फ अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध सख्त संदेश देता है, बल्कि किसानों के हितों की रक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि राजस्व विभाग जल्द ही आगे की कार्यवाही पूरी कर नहर को मूल स्वरूप में बहाल करेगा, जिससे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था पूर्ववत संचालित हो सके।

### गृहमंत्री शर्मा ने...

प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को समाज के आराध्य देवी-देवताओं या किसी धर्म पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। ऐसे बयान समाज में वैमनस्य और तनाव फैलाने वाले हैं। सरकार इस पूरे मामले को गंभीरता से देख रही है और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर जरूर यह बात कहना चाहता हूं कि ऐसी वैमनस्यता भाव लेकर न जिएं, वैमनस्यता की बात नही करना चाहिए, जो भारत भूमि को अपना मानता है, भारत माता की जय कहता है वह भारतीय है, उसके लिए संविधान में प्रावधान है, आप उनके खिलाफ जरूर बोलिए जो भारत और पाकिस्तान के मैच होने पर पाकिस्तान की जीत पर प्रसन्नता होती होगी उनके खिलाफ जरूर बोलिए,जो घुसपैठ करके दूसरे देश से भारत में आकर रह रहें है और परेशानी खड़ी कर रहें है उनके खिलाफ जरूर बोलिए। कांग्रेस लगातार एसआईआर का लगातार विरोध कर रही है, लेकिन एसआईआर है मतदाता सूची का शुद्धीकरण , राहुल गांधी एक ओर मतदाता सूची के गड़बड़ी की बात करते है और एक ओर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का विरोध करते है, दोनो ही बाते एक साथ कैसे हो सकती है। मै कर्वधा का हूं मेरे विधानसभा में ना जाने कितने लोग, बाहर जिला से आकर अपना नाम जुड़वाए है। मैने उसके खिलाफ उस समय भी आवाज उठाया, अभी कुछ लोगो के ऊपर एफआईआर भी हुआ है, ऐसे लोग जिनका तीन तीन जगह मतदाता सूची में नाम है, एसआईआर अवश्य होना चाहिए।

### कलंगपुरी में दो...

संबंध में ग्राम पंचायत कलंगपुरी के सरपंच सियाराम मंडावी ने बताया कि सोलर पंप खराब होने की जानकारी क्रेडा विभाग को दी गई थी एवं व्हाट्सएप पर शिकायत भी दर्ज की गई है। इसके बावजूद अब तक न तो पंप की मरम्मत हुई और न ही कोई वैकल्पिक इंतजाम किया गया। सरपंच ने कहा कि विभाग को समस्या की गंभीरता को समझते हुए तत्काल समाधान की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

### बाइक मांगी और...

रात होने पर भी जब सुरेन्द्रपुरी नहीं लौटा तो उन्होंने उससे संपर्क करने की कोशिश की, परंतु उसका मोबाइल फोन लगातार बंद मिला। कई दिनों तक खोजबीन करने के बाद भी मोटर सायकिल या आरोपी का कोई पता नहीं चल पाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि मोटर सायकिल की कीमत लगभग 80 हजार रुपए है और वाहन नहीं मिलने से वे अत्यंत परेशान हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सुरेन्द्रपुरी ने पहले के भरोसे का फायदा उठाते हुए बेईमानी से वाहन को हड़प लिया है। मामले को गंभीर देखते हुए भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्रपुरी के खिलाफ धारा 316(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मोटर सायकिल को वह कहां ले गया और वर्तमान में उसकी स्थिति क्या है। शिकायतकर्ता को पुलिस ने आश्वासन दिया गया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

### कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग ने संभाली कमान

# सुपोषित जीवन अभियान के तहत फरसगांव में निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में सुपोषित जीवन अभियान का शुभारंभ किया गया है।

इस अभियान के तहत शुक्रवार की शाम को महिला बाल विकास विभाग के फरसगावं परियोजना के अधिकारी गोदावरी कोर्राम के नेतृत्व में फरसगांव नगर में सुपोषित जीवन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित, अतिथियों का स्वागत, रंगोली, तथा बच्चों के द्वारा फुलझड़ी जलाया गया, उसके उपरांत नगर मसाल रैली निकाली गई। जिसमें अतिथियों के द्वारा उत्साहपूर्वक नगरवासियों से आह्वान किया गया कि कुपोषण दूर करने में जनसहभागिता लें।



**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, पार्षद सुमन जायसवाल, नरेंद्र गौर, भाजपा मण्डल महामंत्री प्रवीण राव, सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

#### कुपोषण के खिलाफ जंग है जरूरी

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी ने कहाँ कुपोषण के इस जंग में सभी विभाग का सहयोग आवश्यक है। कुपोषण एक ऐसी बीमारी है, जो दिखती नही है. बच्चा खेलता कूदता है, स्कूल भी जाता है तथा भोजन भी करता है पर वह कुपोषण से प्रभावित होता है। जो बच्चे कुपोषित होता है उनका रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाता है, इस लिए बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है। बच्चा एक बार कुपोषित होने पर 6 वर्ष के पहले सुपोषित न होने की स्थिति में आगे की जीवन यापन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब भी आंगनबाड़ी के द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र ले जाने के लिए बोला जाता है, अभिभावको को चाहिए कि तत्काल बच्चे को पोषण पुर्नवास केन्द्र भेज दे।

**खबर संक्षेप**

## 50 सीटर प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास का शुभारंभ

**बीजापुर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुदमा में 50 सीटर प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। नवीन छात्रावास भवन का निर्माण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। अतिथियों ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई-लिखाई, आवासीय सुविधाओं तथा छात्रावास में उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली और उन्हें आगे की पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रीति आरकी, जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, जनपद पंचायत अध्यक्ष दशरी कोरसा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र लेकाम, घासी राम नाग ग्राम पंचायत गुदमा की सरपंच नीता शाह, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग देवेन्द्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवीन छात्रावास भवन के प्रारंभ से क्षेत्र की छात्राओं को शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनके शैक्षणिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

## वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन



**बीजापुर।** वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला कार्यालय स्थित इन्द्रावती सभाकक्ष में एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, कलेक्टर संबित मिश्रा, जी. वेंकट, घासी राम नाग, श्रीनिवास मुदलियार सहित नगरपालिका के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया। देशभर में वन्दे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया गया, जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से समस्त शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संस्थाओं में किया गया। इसी क्रम में बीजापुर जिले में भी राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत स्थानीय कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति के जोश और उत्साह से सराबोर रहा। जिला कार्यालय के साथ-साथ जिला पंचायत, सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों में भी वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

**निधन**

### विद्याधर दास



**भानपुरी।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पखनाकोंगेरा निवासी कबीरपंथी महंत विद्याधर दास 80 का शुक्रवार की देर शाम निधन हो गया। जिनकी अंतिम संस्कार शनिवार को गृह ग्राम में किया गया। जहां क़बीरपंथी समाज सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे। विद्याधर दास डड़सेना कलार समाज जिला बस्तर के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरी के कार्यकारी अध्यक्ष श्याम दीवान के पिता थे।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर मेटापाल में बढ़ी जागरूकता, मिले उपचार और परामर्श के नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- शिविर में 15 मानसिक रोगी और 12 सामान्य रोगी पंजीकृत हुए

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेटापाल में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके तथा सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में, एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. देशदीपक की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर डीएमएचपी जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जांच, परामर्श और उपचार सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में कुल 15 मानसिक रोगी और 12 सामान्य रोगी पंजीकृत हुए, जिन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क प्रदान की गईं।



शिविर के दौरान मितानिनों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा आयोजित की गई, जिसमें तनाव प्रबंधन, सामुदायिक सहयोग और प्रारंभिक सहायता जैसे विषयों पर व्यवहारिक सुझाव साझा किए गए। डॉ. देशदीपक ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को 'टेली मानस' सेवा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य परामर्श हेतु निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 14416 या 1800-89-14416 पर संपर्क कर सकता है। यह सेवा 24×7 उपलब्ध है।

शिविर में डॉ. बारले, जीवन नाग बीपीएम तथा विक्रम सिंह मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्थानीय मितानिनों, स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## राष्ट्रीय एकता यात्रा का ऑडिटोरियम जावंगा में समापन

# महान विभूतियों के आदर्शों का अनुकरण करना हर भारतीय का कर्तव्य : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पदयात्रा का हुआ आयोजन

भारत के लौह पुरुष और महान राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ऑडिटोरियम जावंगा गीदम में समापन कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि यह पदयात्रा 6 नवंबर को संध्या मेढका डोबरा से प्रारंभ हुई थी जिसके तहत पद यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिधिगण द्वारा कारली में रात्रि विश्राम किया गया था। इसके पश्चात सुबह पदयात्रियों द्वारा ऑडिटोरियम हॉल जावंगा पहुंचकर समापन कार्यक्रम में शामिल हुए।





इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बस्तर सांसद महेश कश्यप ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज हम भारत के लौह पुरूष और महान राष्ट्रीय निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के ऐतिहासिक दिवस पर कृतज्ञतापूर्वक उनके असीम योगदान का स्मरण कर रहे है, हमारा देश राम, कृष्ण, बुद्ध,महावीर जैसे महान विभूतियों का देश रहा है। इसी देव भूमि में सरदार पटेल जैसे महान लौह पुरुष का जन्म हुआ। जिन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बाँधा। आज हमें उसी भाव को पुनः जागृत करना है भारत की अखंडता और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है। हम सबको 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को जीवन में उतारना है। सरदार पटेल केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि राष्ट्र के वास्तविक शिल्पकार थे, जिन्होंने भारत की राजनीतिक एकता की नींव रखी। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम अपने देश को स्वदेशी, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के रूप में विकसित कर सकते हैं। उनके जन्म दिवस मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी को उनके अभूतपूर्व योगदान और त्याग से परिचित कराना है। उन्होंने आग्रह किया कि हम न केवल उनके जन्म दिवस मनाये साथ ही साथ उनके चरित्र और आदर्शों के मार्ग पर चलने का संकल्प भी लें। उन्होंने ने आगे कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस भारत का स्वप्न देखा था, वह अखंड और सशक्त भारत का था। सांसद कश्यप ने युवाओं से आव्हान किया कि आज के युवा भारत के भविष्य के निर्माता हैं। उन्हें सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता, सुरक्षा और विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी का भाव हर भारतीय में होना चाहिए। विधायक चैतराम अटामी ने भी इस अवसर पर कहा कि आज हम भारत के संपूर्ण नक्शे का अवलोकन करते है तो हमे याद रहना चाहिए कि भारत को दुनिया के नक्शे दर्शाने का संपूर्ण श्रेय लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को जाता है। इस महान शख्सियत ने अभावों में अपनी पढ़ाई पूरी करके लंदन, बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की और महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता संग्राम में वकालत छोड़कर कूद पड़े और देश को न केवल आजादी दिलाया बल्कि आजादी के बाद देष के एकीकरण जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य को अपने इच्छा शक्ति और लौह निर्णयों के बलबूते पूरा किया जिसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

समापन कार्यक्रम के अंत में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग संबंधी संकल्प पत्र उपस्थित जनों को दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिपं उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि वेंकट, संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बच्चों को गलत दृष्टि से घूरना भी है लैंगिक अपराध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता मसराम के मार्गदर्शन में जिलेभर में बाल सुरक्षा पखवाड़ा के तहत बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों, नशे, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से सुरक्षित रखना तथा बाल अधिकारों के प्रति समाज और अभिभावकों की भूमिका को सशक्त बनाना है। विकासखंड भैरमगढ़ के सभी वार्डों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, पोषण भी पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर जैसे विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान स्कूलों, आश्रमों, कॉलेजों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों को बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों एवं अधिनियमों की जानकारी दी जा रही है। लैंगिक अपराधों के प्रति सख्त प्रावधान- अधिकारियों ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों को किसी भी प्रकार से गलत दृष्टि से घूरना, पीछा करना, रास्ता रोकना या अनुचित तरीके से छूना लैंगिक अपराध की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार किशोर न्याय अधिनियम में यह प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति किसी बच्चे को नशा कराता है या नशे का सामान बेचता है, तो उसे 1 लाख रुपये जुर्माना एवं 2 वर्ष की सजा हो सकती है। गोपनीयता और न्याय का संरक्षण- लैंगिक अपराध के मामलों में पीड़ित की पहचान और गोपनीयता बरती जाएगी। दोष सिद्ध होने की स्थिति में कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है। बाल अधिकारों की रक्षा में समाज की भागीदारी आवश्यक -कलेक्टर मिश्रा कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा, बाल सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर अभिभावक, शिक्षक और नागरिक को बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। सहायता और हेल्पलाइन- जागरूकता अभियान के दौरान नागरिकों और बच्चों को निम्न हेल्पलाइनों की जानकारी दी गई चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइनः 181, अभियान में शामिल अधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार कार्य में शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, नवीन मिश्रा संस्थागत देखरेख संरक्षण अधिकारी, संदीप चिड़ेम, राजकुमार निषाद, अविनास नायक, राजेश मड़े, सतीश कुरसम, रंजीता, पुष्पा, कुशमलता चाइल्ड हेल्पलाइन की सक्रिय भूमिका रही।

# गहन मतदाता पुनरीक्षण के दौरान धान कटाई व अन्य कार्यों के बीच भी बूथ लेवल अधिकारियों की पहुंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

राज्य में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान धान कटाई जैसे कृषि कार्यों के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, अधिकारी समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।

बस्तर तहसील अंतर्गत विधानसभा क्रमांक 84 के अंतर्गत नारायणपुर क्षेत्र में कुल 83 बूथ लेवल अधिकारी कार्यरत हैं, वहीं बस्तर विधानसभा क्रमांक 85 में 71 बूथ लेवल अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे हुए हैं। बस्तर तहसील के मतदान केंद्र क्रमांक 138 महुपालबरइ में ग्राम कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पटेल सहित जागरूक एवं शिक्षित मतदाता भी सक्रिय सहयोग करते देखे गए। बूथ लेवल अधिकारियों के साथ-साथ पर्यवेक्षक भी मौके पर पहुंचकर सहयोग कर रहे हैं। ग्राम के कोटवार द्वारा मुनादी कर मतदाताओं को गणना पत्र भरने और आवश्यक दस्तावेज बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे अभियान को सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। रिटर्निंग ऑफिसर गगन शर्मा लगातार कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं और बूथ लेवल अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दे रहे हैं।

महुपालबरई में उपस्थित पर्यवेक्षक शैलेन्द्र तिवारी, बूथ लेवल अधिकारी महेन्द्र सोनवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती ठाकुर, प्रेमवती ठाकुर, तथा ग्राम कोटवार और पटेल ने संयुक्त रूप से मतदाता पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण



**बस्तर।** बस्तर ओलंपिक के तहत बस्तर विकासखंड में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में 8 जोन जूनियर वर्ग में 7350 एवं सीनियर वर्ग में 6880 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया था।जोन के विजेता प्रतिभागी खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 3750 प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप सहित जनप्रतिनिधियों ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कार वितरण किया गया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख रूप से 100 मीटर,200 मीटर,400 मीटर दौड़,खो-खो,कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी, बैडमिंटन,फुटबॉल,तीरंदजी, भाला फेक, तवा फेक,गोला फेक,ऊंची कूद, लंबी कूद खेल संपन्न करवाए गए।पूरे 8 जोन में ओवरआल चैंपियन प्रथम करंदोला जोन एवं द्वितीय मधोता जोन एवं तृतीय बस्तर जोन रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, रामानंद मिश्रा, समीर मिश्रा,चंदन झा, नरेंद्र जोशी, सुस्मिता मिस्त्री,जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेन्द्र, सीएमओ तरुणपाल लहरे,एबीईओ सुशील तिवारी,पंचायत निरीक्षक दिनेश साहू, चंद्रशेखर जैन,आजम्बर कोर्राम,अमित कुजूर, केशव प्रधान, विशाल दिवान, चंद्रभान मिश्रा, मनीष वर्मा,नंदकुमार पटेल, सहित बड़ी संख्या में खेल शिक्षक, शिक्षिकाए स्कूली बच्चे ग्रामीण नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

- कर्मचारियों की लंबित मांगों पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई



छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर (बस्तर) की ओर से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को चार सूत्रीय लंबित मांगों के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने बताया कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियां राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, परंतु कर्मचारियों की लगातार लंबित मांगों पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।

खाद्य विभाग ने धान खरीदी वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मांग रखी, जिनमें प्रमुख हैं। धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुखत को मान्य कर राशि समितियों को प्रदान की जाए। धान खरीदी वर्ष 2024–25 की कंडिका 1.10 के अनुसार परिवहन पश्चात संपूर्ण सुखत समिति को मिले अथवा प्रति सप्ताह संपूर्ण परिवहन सुनिश्चित किया जाए वर्ष 2024–25 में शून्य शार्टेज प्रोत्साहन का प्रावधान किया जाए तथा विभिन्न कमीशन एवं प्रासंगिक व्यय में वृद्धि की जाए मध्यप्रदेश की तर्ज पर उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को प्रतिमाह 3000 रुपये दिए जाएं।

कलेक्टर द्वारा नामित धान खरीदी प्रभारी अधिकारी को धान परिदान मिलान एवं सुखत की अंतिम जिम्मेदारी लिखित में दी जाए। धान खरीदी नीति 2024–25 की कंडिका 11.3.3 में आउटसोर्सिंग से कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति को समाप्त कर विभागीय कार्य में कमी करते हुए नियमितीकरण लागू किया जाए।

### मांगें पूर्ण न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संयुक्त संगठन-छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ रायपुर ने स्पष्ट कहा है कि चार सूत्रीय लंबित मांगें शीघ्र पूरी न होने पर इस वर्ष की धान खरीदी प्रक्रिया का बहिष्कार कर निश्चित कार्य आंदोलन किया जाएगा। किसानों की सेवा में समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश की सभी 2058 सहकारी समितियां किसानों को धान खरीदी, खाद्य वितरण एवं शासन की अन्य योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं कर्मचारियों ने कहा कि उचित सुविधाएं एवं अधिकार मिलने से ही वे किसानों को और सुदृढ़ सेवा दे सकते हैं।

# वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सरस्वती शिशु मंदिर में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज : गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मां भारती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया गया, जिसके बाद सामूहिक ध्वज लेकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाया गया। इस अवसर पर भैया-बहनों ने वंदे मातरम गीत को बड़े उत्साह के साथ गाया और इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। गीत के महत्व को समझाते हुए विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि बंकिम चंद्र चटर्जी ने इस गीत को 1875 में लिखा, जो आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा।



यह गीत देशवासियों के स्वाभिमान, आत्मबल और देशभक्ति की भावना को जगाने में सार्थक साबित हुआ। विद्यालय में इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, चित्रकला और वंदे मातरम गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भैया-बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने भैया-बहनों को वंदे मातरम गीत के महत्व और देशभक्ति की भावना के बारे में विस्तार से बताया।

## पेंशनरों को डाकघर से मिलेगा जीवन प्रमाणपत्र

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में भारतीय डाक विभाग पेंशनभोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जारी करेगा। पेंशनभोगी अब अपने निकटतम डाकघर में जाकर आसानी से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनवा सकते हैं। इस कार्य के लिए बस्तर डाक संभाग में 1288 प्रशिक्षित एंड यूजर कर्मचारी 2 प्रधान डाकघर, 48 उपडाकघर एवं 1238 शाखा डाकघरों में तैनात हैं। जो डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी करने एवं अपलोड करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।






# मासिक समीक्षा बैठक में पालकों से शिक्षा पर चर्चा करने के लिए पंचायत में हुई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

अंतागढ़ के ग्राम पंचायत हिन्दुबिनापाल के सभा कक्ष में सरपंच सनबती आचला के अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में ग्राम पंचायत के दोनो उच्च प्राशा और समस्त प्राशा के प्रधानपाठकों के साथ आँगनबाड़ी के सभी कार्यकर्ताओं को आवश्यक जानकारी के साथ बुलाया गया था। वहीं मासिक समीक्षा बैठक में पालकों को शिक्षा पर चर्चा करने के लिए पंचायत में पहल की गई थी।

बैठक में उच्च प्राथमिक शाला के प्रधानअध्यापको ने तिमाही परीक्षा परिणाम को विषयवार सरपंच को जानकारी दी गई। वहीं सरपंच ने कम अंक व कमजोर बच्चों को विशेष प्राथमिक देने का निर्देश दी गई। प्रयास व राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृति परीक्षा की तैयारी को भी प्राथमिकता देने के लिए प्रधानअध्यापको को कहा गया। प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठको ने भी तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी बैठक में साझा किए। कमजोर बच्चों को विशेष ध्यान देने व नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी को गंभीरता से लेकर तैयारी कराने के साथ परीक्षा अनुरुप टेस्ट लेकर बच्चों की तैयारी सुनिश्चित करने बच्चें परीक्षा में अधिक से अधिक सफल हो यें सुनिश्चित कर तैयारी कराने की निर्देश शिक्षको दी गई और साथ ही स्कूल में किसी प्रकार की शिक्षा को लेकर कोई भी समस्या होने पर अवगत कराने को कहा गया। पालकों को भी प्रतिदिन बच्चो को स्कूल भेजने व घर में भी बच्चो के लिए पढ़ाई का अनुकूल माहौल बनाने की अपील की गई।

## प्रधानपाठकों के साथ आँगनबाड़ी कार्यकर्ता भी बैठक में हुए शामिल



### कुपोषित, अति कुपोषित बच्चो के बारे में जानकारी प्रदान की गई

आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं ने बैठक में कुपोषित, अति कुपोषित बच्चो के बारे में जानकारी प्रदान किए, बच्चो के लिए पोषण आहार को लेकर भी जानकारी साझा करने कहा गया। सरपंच सनबती आचला ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुई बोली की जितने भी अति कुपोषित बच्चे है, उन्हे उनके माताओं को समझा कर उन्हे एनआरसी भेजने प्रोत्साहित करने कहा। सरपंच ने कहा कि मैं पंचायत को कुपोषण मुक्त पंचायत बनाना चाहती हूँ और इसके लिए सभी शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व पालको की विशेष सहभागिता हो तभी हम सब मिलकर कुपोषण को दूर कर सकते हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच सनबती आचला, ग्राम पटेल व प्रधानअध्यापक शिवकुमारी नाग, बलिराम उसेंडी, विनोद नेताम, विमल साहू, वीरेंद्र नाग, बमलेश्वरी साहू, ललेश नेगी, वार्डपंच अजित आचला, सरोज आचला, सुमिता सलाम, मोडे बाई, मानो बाई, मंजू, बीरबल समरथ, श्यामसाय हुपेंडी, चन्द्रदेव आचला एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व पालकों की उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप



### पॉलीटेक्निक में वंदेमातरम स्मरणोत्सव का आयोजन

**कांकेर।** शासकीय पॉलीटेक्निक में राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत किया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में किया गया। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन समारोह में देशवासीयों को सम्बोधित भी किया। उन्होनें राष्ट्रगीत को स्वतंत्रता संग्राम का उत्प्रेरक बताते हुए कहा कि यह गीत ने देशवासीयों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। संस्था में कार्यक्रम का शुभारंभ वंदेमातरम् के सामूहिक गायन से किया गया। कार्यक्रम से संम्पूर्ण संस्था परिसर भारत माता की जय और वंदेमातरम् के जयघोष से गूंज उठा । प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र सिंह ने राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा इसके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रगीत महान कवि बंकिम चंद्र चल्लोपाध्याय ने इसकी रचना 1875 में की थी। उन्होंने बताया कि यह गीत उनके प्रसिद्ध उपन्यास आंनद मठ का हिस्सा था जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिये प्रेरणा स्त्रोत बना। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदेमातरम् के जयघोष से हुआ।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत गोण्डाहुर निवासी 22 वर्षीय अर्जुन गावड़े का इलाज के दौरान 10 अगस्त को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए भर्ती किया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बाइक लेकर चोर फरार, तलाश जारी

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत घर के बाहर खड़ी वाहन की चोरी



की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर गाड़ी की पतासाजी में जुट गई। थाना कोयलीबेड़ा में शिकायत करने पहुंचे कोयलीबेड़ा निवासी पुरूषोत्तम उसेंडी पिता स्व. सुदारू उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मैं रोज की तरह मेरे वाहन जिसका नंबर सीजी 19 बीजे 8768 को घर के बाहर लॉक करके सोने चला गया। अगले दिन सुबह उठा तो मेरी गाड़ी घर के सामने नहीं थी। मेरे वाहन की जानकारी मेरे घर वाले व रिश्तेदारों को भी नहीं है व पास पड़ोस के लोगों को भी पुछने पर कोई जानकारी नहीं लग पा रहा है। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे वाहन को चोरी कर लिया गया है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अभियान : शिक्षक और विद्यार्थि तिरंगा ध्वज लेकर हुए शामिल

# वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर दुर्गूकोंदल निकाली में तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल





वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। शाला समिति के अध्यक्ष अशोक जैन तथा संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने नगर में प्रभात फेरी एवं तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएं तिरंगा ध्वज हाथों में लिए वंदे मातरम्, भारत माता की जय तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। रैली विद्यालय से बस स्टैंड तक पहुंची, जहां बैंड-बाजा दल की धुन के साथ छात्र-छात्राओं के कदम देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त कर रहे थे। बस स्टैंड पहुंचकर सभी ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन किया। स्वर लहरियों में जन-मन में राष्ट्रीय एकता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता का संदेश गूंज उठा। इस दौरान शाला समिति अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और स्वाभिमान का प्रतीक है। यह हम सभी को मातृभूमि के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रीय चेतना को जागृत करना और उन्हें देश के इतिहास एवं संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की विशेषता है कि यहाँ शिक्षा के साथ संस्कारों का भी संवर्धन होता है, ताकि बच्चे समाज और राष्ट्र हित में अपनी भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि राष्ट्रगौरव, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए सदैव देश हित में योगदान करते रहेंगे। कार्यक्रम सौहार्द, उत्साह और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन का आयोजन

**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में 07 नवम्बर को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के पावन उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायी का आयोजन किया गया। यह आयोजन वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिनके मार्गदर्शन में परिसर देशभक्ति, एकता और गौरव के भावों से गूंज उठा। इस अवसर पर बलकर्मियों, अंतागढ़ पीएमश्री विद्यालय अंतागढ़ की छात्राओं एवं छात्रों, तथा स्थानीय ग्रामीण जनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एक स्वर में वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। उनकी स्वर लहरियों से वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर हो गया। द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और गर्व का जीवंत प्रतीक है। यह हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की चिंगारी को प्रज्वलित करता है। यह आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति, एकता और सामूहिक चेतना को समर्पित रहा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सभी वर्गों ने यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा में सदैव समर्पित रहेंगे। समापन में समस्त प्रतिभागियों ने भारत माता की जय/" के उद्घोष के साथ देशप्रेम का उत्कट संदेश दिया

# घर-घर में बीएलओ वितरित कर रहे हैं गणना पत्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

विधानसभा क्षेत्र 80 के बीएलओ सुपरवायजर प्रतिदिन घर-घर दस्तक दे रहे है और गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। अब तक 30 प्रतिशत वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। भानुप्रतापपुर विधानसभा में कुल 266 बीएलओ नियुक्त किए गए है। प्रत्येक बीएलओ के साथ एक एक वालेंटियर भी इस कार्य में लगे हुए है। इसके आलावा 27 सुपरवायजर लगातार इसकी मानिटरिंग कर रहे है। प्रतिदिन आनलाईन अपलोड का कार्य भी किया जा रहा है। भानुप्रतापपुर तहसील में 99, चारामा में 105 और दुर्गुकोंदल में 62 बीएलओ कार्य कर रहे है। इसके पूर्व बीएलओ ने एसआईआर के पूर्व तैयारी के दौरान 2003 के मतदाता सूची का मिलान 2025 की मतदाता सूची से किया। ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 और 2025 में भी है उन्हे केटेगिरी ए रखा गया है। साथ ही 2025 की मतदाता सूची में जिनका नाम है पर 2003 की मतदाता सूची में नहीं परन्तु उनके पिता का नाम यदि है तो उन्हे केटेगिरी बी में रखा गया है। शेष अन्य को सी में रखा गया है। केटेगिरी ए और बी को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना है, केवल गणना पत्रक भरकर जमा करना है। अन्य मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित 12 दस्तावेजों में से एक प्रमाण के लिए बीएलओ के पास जमा करना होगा। एसआईआर में तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेंद्र उर्वशा, जिला मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर ठाकुर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, सुपरवाइजर निरंकार श्रीवास्तव, नुमेश सोनी, मनोज चौहान, अविनाश सिंह, मनीष गौतम, टोमन ठाकुर, सभी सुपरवाइजर और समस्त बीएलओ का सहयोग रहा।

## नगर पंचायत कार्यालय के सामने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा, किया गया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए 8 नवंबर को विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ने शिलान्यास कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत किया। प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर स्थानीय व्यापार को नया विस्तार मिलेगा, साथ ही क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। परियोजना के तहत कुल 30 दुकानें बनाई जाएंगी।

15 दुकानें ग्राउंड फ्लोर पर और 15 दुकानें फर्स्ट फ्लोर पर निर्मित होंगी। प्रत्येक दुकान का आकार 12 बाई 15 फीट निर्धारित किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नगर की आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा देगा। हमारा प्रयास है कि स्थानीय व्यापारियों और युवाओं को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, नपं उपाध्यक्ष गजानंद ड़डसेना, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, अभय पांडे, नरेश जैन, चंद्र कुमार कटझरे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आईएल पटेल, व्यापारी संघ अध्यक्ष अनंत गोपाल कोठारी, पार्षद रजिंदर रंधवा, नरेंद्र कुलदीप, सुमित्रा साहू, राजकुमार यादव, कीर्ति पद्दा, गुमान सिंह ठाकुर, जुगल किशोर शर्मा, राहुल धुन्ने, जितेंद्र बेंजामिन, त्रिलोक चंद चोपड़ा, सब इंजीनियर हिमांशु कवाड़े, सहायक निरीक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर तथा तकनीकी शाखा से राजकुमार पारकर और रोहित कश्यप सहित नगर पंचायत के अनेक कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## माशिमं रायपुर में हुई डीएलएड ब्लूप्रिंट निर्माण पर कार्यशाला



**सरोना।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर एवं परख, एनसीईआरटी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय डीएलएड ब्लूप्रिंट निर्माण प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन मण्डल कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। यह कार्यशाला 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक चला, जिसमें प्रदेशभर से आए शिक्षकों और विशेषज्ञों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डाइट कांकेर से व्याख्याता प्रीति कुजूर ने भी इस कार्यशाला में सहभागिता प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जा सकेंगी। कार्यशाला के दौरान शिक्षा के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पाठ्यक्रम की गहन समझ, प्रश्नपत्र निर्माण की तकनीक और मॉडरेशन प्रक्रिया पर भी विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक विचार साझा किए। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार साहू, मनीषी सिंह, शिवा सोमवंशी, अलका जैन, अहर्लिश पॉल, डॉ. रीता चैबे एवं डॉ. माधुरी बोरेकर ने किया। विशेषज्ञों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए ब्लूप्रिंट का ज्ञान और उसका सही अनुप्रयोग अत्यंत आवश्यक है।

## रात को घर से मोटरसायकिल की चोरी से लोगों में दहशत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आसुलखार से घर के अंदर खड़ी बाइक की चोरी हो गई। अज्ञात ने रात को घर अंदर खड़ी बाइक को चोरी कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। कुछ समय से भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में वाहन चोरी का मामला लगातार आ रहा है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे आमापारा आसुलखार निवासी ऋषभ कुमार यादव पिता बिहऊ राम यादव ने पुलिस को बताया कि मेरे नाम पर मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 24 व्ही 4682 जिसका रंग लाल काला है। मेरी वाहन मेरे घर में गेट के अंदर खड़ी थी, जिसे 5 नवंबर की



रात में कोई अज्ञात चोर मेरी वाहन को चोरी कर ले गया। मैने अपने स्तर पर पतासाजी की तो मेरी वाहन का कुछ पता नहीं चला। मैंने वाहन एक वर्ष पूर्व 1 लाख 48 हजार रूपएं में खरीदा था। वाहन चोरी होने से मुझे 90 हजार रूपएं का क्षति हुई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# व्यापारी कल्याण संघ दुर्गूकोंदल का सदस्यता अभियान को करेगा तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



`यापारी कल्याण संघ दुर्गुकोंदल का आधिकारिक पंजीयन पूर्ण होने के पश्चात संघ की कार्यकारिणी की बैठक नगर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संघ क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं, चुनौतियों और हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा और साथ ही सदस्यता अभियान को व्यापक रूप देते हुए अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़कर संघ को मजबूत बनाया जाएगा।

संघ की घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष शिवभुवन सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद पारख, सचिव शिवचरण सिन्हा तथा सह सचिव गेंदलाल लावत्रे सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि समय-समय पर व्यापारिक वर्ग को प्रशासनिक, कर संबंधी, स्वच्छता, पार्किंग, सुरक्षा इत्यादि समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनके समाधान के लिए अब संघ एक संगठित मंच के रूप में कार्य करेगा। अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा ने कहा कि व्यापारी समाज सदैव राष्ट्र के आर्थिक संचालन की मजबूत रीढ़ रहा है। व्यापारी यदि संगठित हों तो किसी भी परेशानी या बाधा के सामने मजबूती से खड़े रह सकते हैं, इसलिए सभी व्यापारी भाइयों से विनम्र आग्रह है कि वे व्यापारी कल्याण संघ से जुड़कर अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास और व्यापारिक सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि संघ केवल व्यापारी हितों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समय-समय पर सामाजिक सहायता, स्वच्छता अभियान, आर्थिक सहयोग एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न जनहित कार्य भी करेगा। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि व्यापारी समाज में एकता ही सबसे बड़ी शक्ति है। जब सभी व्यापारी एकजुट होकर खड़े होंगे, तो किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान आसानी और प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। अंत में संगठन ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे संगठित होकर संघ को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# धान की कटाई में आई तेजी पर मजदूरों का संकट बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



बेमौसम बारिश से राहत मिलते ही दुर्गूकोंदल क्षेत्र में धान फसल की कटाई ने रफ्तार पकड़ ली है। ग्राम महेंद्रपुर,सटेली, राऊरवाही, आमाकड़ा, चिहरों गाँव में हार्वेस्टर मशीनों और मजदूरों के सहारे सुबह से लेकर देर रात तक खेतों में फसल सहेजने का काम जारी है। किसानों का कहना है कि बीते दिनों मौसम के खराब रहने से कटाई का कार्य प्रभावित था, लेकिन जैसे ही आसमान साफ हुआ, खेतों में कटाई की गूंज सुनाई देने लगी। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने बताया कि इस वर्ष अधिकतर किसानों ने शीघ्र पकने वाली धान की वैरायटी बोई थी, जिससे एक साथ फसल तैयार हो गई है। ऐसे में मजदूरों की कमी से जूझना पड़ रहा है। मजबूरी में किसान महंगे दर पर हार्वेस्टर किराए पर ले रहे हैं। वहीं ग्राम पंचायत राऊरवाही के सरपंच और प्रगतिशील किसान बलराम टेपरिया ने बताया कि इस समय हार्वेस्टर से धान कटाई का किराया 3500 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से भी मशीनें किराए पर ली जा रही हैं। किसानों ने इस बार स्वर्णा और महामाया किस्म का धान बोया था। अब फसल पूरी तरह पक चुकी है। दीपावली से पहले कटाई की तैयारी कर ली गई थी, लेकिन लगातार बारिश से काम रुक गया। अब मौसम साफ होते ही किसान तेजी से फसल काट रहे हैं। महेंद्रपुर के किसान धन्नूलाल सिन्हा ने बताया कि अगले एक सप्ताह में छोटे और मध्यम किसान अपनी पूरी फसल काटकर मिंजाई का काम पूरा कर लेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

